दैनिक भास्कर 13.1.2019

# महिला यौन उत्पीड़न पर हुई कार्यशाला

नाथद्वारा | राजकीय गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यशाला हुई। प्राचार्य डॉ. निधि श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेज में इस उद्देश्य से पहले से विद्यमान महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति के अलावा गर्ल्स मेन्टरिंग सेल भी बनाया है, इसमें संकाय सदस्यों के साथ वरिष्ठ कक्षाओं की छात्राएं है। सेल से छात्राएं भयमुक्त होकर महिला यौन उत्पीड़न से संबंधित समस्याएं साझा कर सकती है।

राजस्थान पत्रिका 13.1.2019

# यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला

नाथद्वारा. राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. निधि श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय में इस उद्देश्य से पहले से विद्यमान महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति के अलावा गर्ल्स मेन्टरिंग सैल भी बनाया गया है, जिसमें संकाय सदस्यों के साथ वरिष्ठ कक्षाओं की छात्राएं भी शामिल हैं। सैल से छात्राएं भयमुक्त होकर महिला यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित समस्याएं साझा कर सकती है। एडवोकेट वर्षा पालीवाल ने विशाखा एक्ट 2013 पर जानकारी दी। समिति प्रभारी डॉ. शालिनी माथुर ने छात्राओं को परिवार, पडोस, सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों पर महिला यौन उत्पीड़न के प्रति सजग रहने को कहा। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पुनिता चोर्डिया के साथ ही विभिन्न संकाय सदस्यों ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन समिति सदस्य डॉ. विनिता लवानिया ने किया।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय नाथद्वारा (राज0)

आयुक्तालय के पत्र क्रमांक CCE/ADMN /IDSC/Trainng and workshop /2018/511 दिनांक 26 दिसम्बर 2018 की अनुपालना में निम्न कार्य समपादित किये गये :-

1. कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीडन की रोकथाम हेतु महाविद्यालय स्तर पर आंतरिक समन्वयक समिति का गठन दिनांक 3-1-2019 को किया गया एवं इसकी सूचना आयुक्तालय की वेबसाइट पर भी अपलोड कि गयी
2. छात्राओ की समस्या निवारण,सुरक्षा एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चत करने हेतु **GIRLS MENTORING CELL** गठित की गयी |
3. कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीडन की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यशाला का आयोजन दिनांक 12-1-2019 को किया गया जिसकी मुख्य वक्ता राजसमन्द की जिला एवं सेशन न्यायालय की अधिवक्ता एडवोकेट वर्षा पालीवाल ने विशाखा एक्त 2013 के तहत यौन उंत्पीडन का तात्पर्य विस्तार से समझाते हुए इसकी रोकथाम के लिए आवश्यक प्रयासों को समझाया |

शालिनी
प्रभारी
[महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति]


Youth Development Centre
युवा विकास केन्द्र
नित्य लीलास्थ तिलकायत श्री गोविन्दलालजी महाराज
राजकीय कन्या महाविद्यालय, नाथद्वारा
महिला यौन उत्पीड़न
समस्या एवम
निवारण
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय कन्या महाविद्यालय
नाथद्वारा
( राजसमन्द )

दिन में 10 मवेशियों का ...

राजसमंद | पुठोल में पिछले 15 दिनों से लगातार तेंदुआ आबादी में आकर मवेशियों का शिकार कर रहा है। 15 दिनों में 10 मवेशियों का शिकार कर चुका है। पैंथर के आए दिन आबादी में आने से लोगों में दहशत है। लोगों ने पिंजरा लगाने की मांग की। पुठोल में गत रात को रावला रहट निवासी हरिसिंह राठौड़ के घर के पास बाड़े में बंधी भैंस का शिकार कर दिया। पास में बंधे अन्य पशुओं के रंभाने की आवाज पर परिजनों की जाग हो गई। बाड़े में देखा तो पैंथर दीवार कूदकर भागता हुआ दिखाई दिया। उपसरपंच प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि पुठोल के किशन सिंह के घर के अंदर बंधी बकरी पर पैंथर ने हमला कर शिकार कर दिया। इसी तरह कई मवेशियों को अपना शिकार बनाया है।

# महिला यौन उत्पीड़न पर हुई कार्यशाला

नाथद्वारा | राजकीय गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यशाला हुई। प्राचार्य डॉ. निधि श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेज में इस उद्देश्य से पहले से विद्यमान महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति के अलावा गर्ल्स मेन्टरिंग सेल भी बनाया है, इसमें संकाय सदस्यों के साथ वरिष्ठ कक्षाओं की छात्राएं है। सेल से छात्राएं भयमुक्त होकर महिला यौन उत्पीड़न से संबंधित समस्याएं साझा कर सकती है।

# ऋषिराज सिंह का राष्ट्रीय स्तर वालीबॉल टूर्नामेंट में चयन

कुंवारिया | जूणदाखेड़ी निवासी ऋषिराज सिंह पडियार का राजस्थान टीम में खेलो इंडिया यूथ नेशनल वालीबॉल टूर्नामेंट में पुणे महाराष्ट्र में 14 जनवरी से 18 जनवरी तक चार दिवसीय प्रतियोगिता में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। वर्तमान में विजय स्पोर्ट्स अकेडमी जयपुर में नियमित अभ्यास कर रहा है और करणी क्लब राजसमंद से जिले में प्रतिनिधित्व करता है। पहले भी मिनी नेशनल 14 वर्ष

दैनिक नवज्योति
www.dainiknavajyoti.com

Aasl

दैनिक नवज्योति

# राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर

नवज्योति, नाथद्वारा। गर्ल्स कोलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत प्राचार्या डॉ. मीना बया की अध्यक्षता में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एडवोकेट सुरेखा जैन ने स्वयं सेविकाओं को घरेलू हिंसा, उपभोक्ता संरक्षण, महिला अधिकारी, मोहन वाहन एक्ट आदि के विषय के बारे में जानकारी दी।

प्राचार्या डॉ. मीना बया ने स्वयं-सेविकाओं को विधिक अधिकारों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं साहित्यिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सभी स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर की सफाई की ।

Dainik Navajyoti ( since 1936 | www.dainiknavajyoti.com )

Copyright @ Dainik Navajyoti
Navajyoti Printing Press Pvt Ltd.

Privacy Policy

राजकीय कन्या महाविद्यालय - नाथद्वारा

दि. 5-

आवश्यक सूचना

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार महाविद्यालय में नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता हेतु एक लघु फिल्म का प्रदर्शन साहित्यिक समिति व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 8 फरवरी को स्मार्ट क्लास रूम में दोपहर 12.30 बजे रखा गया है। छात्राएँ आवश्यक रूप से उपस्थित होवें।

प्राचार्य

Bhawna Sharma
प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

कविता
प्रभारी
साहित्यिक

## एनएसएस शिविर

नाथद्वारा. स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में एनएसएस का तृतीय एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। इसमें एडवोकेट सुरक्षा जैन ने स्वयं सेविकाओं को घरेलू हिंसा, उपभोक्ता संरक्षण, महिला अधिकार, मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में बताते हुए विधिक जागरूक किया। प्राचार्य मीना बया ने भी विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं साहित्यिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। अंत में स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान कर सफाई की।



# घरेलू हिंसा, उपभोक्ता संरक्षण, महिला अधिकार की जानकारी दी

भास्कर न्यूज | नाथद्वारा

राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय एक दिवसीय शिविर लगाया गया। मुख्य वक्ता एडवोकेट सुरक्षा जैन ने स्वयंसेविकाओं को घरेलू हिंसा, उपभोक्ता संरक्षण, महिला अधिकार, मोटरवाहन एक्ट आदि के विषय में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. मीना बया ने अध्यक्षता करते हुए विधिक अधिकारों का समुचित रीति से उपयोग करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं साहित्यिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। एनएसएस प्रभारी भगवान सहाय शर्मा के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने शिविर में महाविद्यालय परिसर में श्रमदान भी किया।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण दिवस मनाया

# 'आम जन अपने अधिकारों के प्रति रहे जागरूक'



कन्या महाविद्यालय में आयोजित मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य। नाथद्वारा

### मानवाधिकार, लैंगिक समानता पर व्याख्यान

नाथद्वारा. कन्या महाविद्यालय में मानवाधिकार क्लब एवं युवा विकास केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केके पालीवाल ने मानवाधिकार को तन-मन तथा धन के अधिकार से जोड़ते हुए पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक स्तर पर अनेक अधिकारों से अवगत कराया। शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक रूप से किए जाने वाले शोषण को पहचानना और उनके विरुद्ध आवाज उठाना उससे सम्बन्धित न्याय पाना मानवाधिकार का महत्वपूर्ण पक्ष है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य निधि श्रीवास्तव ने कहा कि मानसिक दृष्टि से मजबूत होने पर अपने कर्तव्यों की पूर्ति पर बल देने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज स्त्री को समानता चाहिए ना उच्च न ही निम्न स्थान, न देवी न ही तारणा की योग्य। इसके लिए आवश्यक है कि आर्थिक आत्मनिर्भरता क्योंकि स्त्री की आत्मनिर्भरता ही उसे अधिकार दिला सकती है। प्राचार्य ने समस्त संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को मानवाधिकार की शपथ दिलाई। संचालन आशीष शर्मा ने किया व धन्यवाद मानवाधिकार क्लब की प्रभारी कविता पारूलकर ने दिया।

राजस्थान पत्रिका . उदयपुर, मंगलवार, 11 दिसम्बर, 2018
patrika.com

सच्चा हमसफर
दैनिक नवज्योति
उदयपुर, मंगलवार, 11 दिसंबर 2018

# मानव अधिकारों के साथ बताए सामाजिक कर्तव्य






राजसमंद। कन्या महाविद्यालय नाथद्वारा में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता व उपस्थित संभागी।

**राजसमंद:** कन्या महाविद्यालय में मानवाधिकार क्लब एवं युवा विकास केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. निधि श्रीवास्तव ने बताया कि नगर के विधिवेत्ता केके पालीवाल ने मानवाधिकार को तन, मन तथा धन के अधिकार से जोड़ते हुए पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक स्तर पर अनेक अधिकारों से अवगत कराया। शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक

मानवाधिकार का महत्वपूर्ण पक्ष है। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. श्रीवास्तव ने छात्राओं को मानवाधिकार दिवस की बधाई देते हुए उन्हें मानसिक दृष्टि से मजबूत होने पर, अपने कर्तव्यों की पूर्ति पर बल देने की प्रेरणा दी और कहा कि अधिकारों की अधिकारी तो वे स्वतः ही हो जाएगी। इसके लिए आज स्त्री को समानता चाहिए, ना उच्च न ही निम्न स्थान, न देवी न ही तारणा की योग्य। इसके लिए आवश्यक है आर्थिक आत्म निर्भरता क्योंकि स्त्री

सदस्यों एवं विद्यार्थियों को मानवाधिकार की शपथ दिलाई। संचालन आशीष शर्मा ने किया तथा धन्यवाद मानवाधिकार क्लब की प्रभारी कविता पारूलकर ने दिया।


Youth Development Centre
Going ahead....
युवा विकास केन्द्र
राजकीय कन्या महाविद्यालय, नाथद्वारा
10 दिसम्बर 2018
मानवाधिकार दिवस
व्याख्यान
"मानवाधिकार एवं लैंगिक समानता"


Youth Development Centre
Going ahead....
युवा विकास केन्द्र
राजकीय कन्या महाविद्यालय, नाथद्वारा
10 दिसम्बर 2018
मानवाधिकार दिवस
व्याख्यान
"मानवाधिकार एवं लैंगिक समानता"


GOVT. GIRLS COLLEGE, NATHDWARA (RAJ.)
Equipped and Furnished
UNDER RUSA GRANT
SECOND INSTALLMENT
SMART - CLASSROOM


GLOBUS
Youth
Development
Centre
C
Y
D
Going ahead....
युवा विकास केन्द्र